## Ch-1( नए युग का आगाज़)

बातों बातों में:

1. नए युग में क्या-क्या नया होगा ?

A. नए युग में नई धरती और नया आकाश होगा ।

2. नए युग में किसका संहार होगा?

A. नए युग में अंधविश्वास, अधर्म ,हिंसा का संहार होगा।

3. इस युग में किसके बीच भेद नहीं होगा?

A. इस युग में अमीर और गरीब के बीच भेद नहीं होगा ।

4. नए युग में भाषा और धर्म कैसा होगा ?

A. नए युग में एक भाषा और एक धर्म होगा।

5. नए युग का आगाज़ कविता से हम किस युग की कल्पना करते हैं ?

A. नए युग का आगाज़ कविता से हम नए युग की कल्पना करते हैं ,जहाँ लोगों के बीच भाईचारा और एकता की भावना होगी।

लिखिए:

1. नए युग का आगाज के लिए हमें किसका संहार करना होगा ?

A. नए युग के आगाज़ के लिए हमें अंधविश्वास, अधर्म और हिंसा का संहार करना होगा।

2. आनंद ,हर्ष, उल्लास आदि होने के साथ किसके बीच भेद भाव नहीं रहेगा ?

A. आनंद, हर्ष ,उल्लास आदि होने के साथ गरीब और अमीर के बीच में भेद नहीं रहेगा।

3. नए युग में लोगों के विचार ,उनकी भाषा और उनके धर्म कैसे होंगे ?

A. नए युग में लोगों के विचार उनकी भाषा और धर्म एक जैसे होंगे ?

4. आज के युग से नए युग की तुलना कीजिए और बताइए कि क्या बदलाव आया है ?

A. आज के युग में जहाँ चारों तरफ अंधविश्वास ,अधर्म , हिंसा फैला हुआ है वहीं नए युग में बिना भेदभाव के चारों ओर उल्लास तथा शांति होगी।

5. नए युग में हम लोगों का व्यवहार कैसा चाहते हैं ?

A. नए युग में हम लोगों से सिर्फ सत्य का व्यवहार चाहते हैं ।

## Ch-2 ( फॉरेस्ट मैन जादव मोलाई)

बातों बातों में-:

'काजीरंगा जंगल'कौन से राज्य में स्थित है?

उ) काजीरंगा जंगल असम राज्य में स्थित है।

2. पृथ्वी पर जीवन किसके अभाव में संभव नहीं है?

उ) पृथ्वी पर जीवन जीव-जंतुओं के अभाव में संभव नहीं है।

जादव मोलाई किस प्रदेश के रहने वाले हैं?

उ) जादव मोलाई असम राज्य के जोरहाट जिले के छोटे से गाँव में रहने वाले हैं।

4. बारिश से बाढ़ आने के कारण क्या होता था?

उ) बारिश से बाढ़ आने के कारण गाँव के पेड़-पौधे और जीव-जंतु सब बह जाते थे।

5. जादव मोलाई ने किस सत्य को महसूस किया?

उ) जादव मोलाई ने इस सत्य को महसूस किया था कि "पेड़ पौधों के अभाव में पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है"।

लिखिए-:

1. माजुली क्या है?

उ) माजुली दुनिया का सबसे बड़ा रिवर आइलैंड है।

2. जादव मोलाई को किस उपाधि से नवाज़ा गया।

उ) जादव मोलाई को 'फॉरेस्ट मैन ऑफ इंडिया' की उपाधि से नवाज़ा गया।

3. जादव मोलाई द्वारा बनाया गया जंगल किस नाम से प्रसिद्ध है?

उ) जादव मोलाई द्वारा बनाया गया का जंगल 'मोलाई फॉरेस्ट' के नाम से प्रसिद्ध है।

4. पत्रकार को किस बात पर विश्वास नहीं हुआ?

उ) पत्रकार को इस बात पर विश्वास नहीं हुआ कि नदी की रेतीली जमीन पर हरा-भरा जंगल कैसे बन गया?

5. जादव किस नाम से प्रसिद्ध हुए और यह उपाधि किसने दी?

उ) जादव 'फॉरेस्ट मैन ऑफ़ इंडिया' के उपाधि से प्रसिद्ध हुए और ये उपाधि उन्हें हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम ने दी।

**Chapter- 5**

## " समय से अनुरोध "

बातों बातों में-:

1)कवि समय से कौन-सा गीत सुनना चाहते हैं और क्यों?

__ कवि समय से भूला बिसरा गीत सुनना चाहते हैं ताकि उनका समय कट सके।

2)" कैसे मैं अपनी रोशनी बचाए रखूँ" पंक्ति के माध्यम से कवि ने क्या समझाने का प्रयास किया है?

__ कवि ने यह समझाने का प्रयास किया है कि हमें ऐसे काम करने चाहिए कि मरने के बाद भी लोग हमें याद रखें और हमारे कारण किसी की मदद हो।

3) कवि क्या याद रखना चाहते हैं?

__ कवि अपने पुराने समय की मुसीबतों,दुखों अपनी क्षमताओं तथा अपने आत्मविश्वास को याद रखना चाहते हैं ।

4)कवि समय से कौन सी कहानी सुनना चाहते हैं ?क्या आप भी वह कहानी सुनना चाहते हैं ?यदि हाँ तो क्यों?

__ कवि समय से मुश्किलों से जूझने की कहानी सुनना चाहते हैं। हाँ, हम भी यह कहानी सुनना चाहते हैं ताकि हमारा आत्मबल बना रहे।

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-:

1)कवि ने समय से अपनी रोशनी बचाए रखने का अनुरोध क्यों किया है ?

__ कवि ने समय से अपनी रोशनी बचाए रखने का अनुरोध किया है क्योंकि कवि चाहते हैं कि,उस बची रोशनी से किसी और की भी मदद हो जाए।

2) कवि समय से किसकी गाथा सुनना चाहते हैं?

__ कवि समय से एक साहसी,दायित्वबोध से भरे मनुष्य की गाथा सुनना चाहते हैं।

3) कवि के अनुसार व्यक्ति कब अँधेरे का हाथ थामने में स्वयं को सक्षम पाता है और क्यों?

__ कवि के अनुसार व्यक्ति अपने कमजो़र पलों में अँधेरे का हाथ थामने में स्वयं को सक्षम पाता है क्योंकि उस समय वह खुद से लड़ रहा होता है।

4) क्या आपको भी लगता है कि लड़ने और जूझने में कोई अंतर होता है?लिखिए।

__ हाँ ,लड़ने का अर्थ है किसी के विपक्ष में आवाज़ उठाना और जूझने का अर्थ है व्यक्ति के द्वारा अपनी मुश्किलों का हल निकलना ।

5) इस कविता के माध्यम से कवि ने क्या समझाने का प्रयास किया है और क्यों ?

__ इस कविता के माध्यम से कवि ने यह समझाने का प्रयास किया है कि हमें अपना काम समय पर करना चाहिए क्योंकि समय अमूल्य होता है।

## Chapter - 6 " धरती को बुखार आ गया "

बातों - बातों में :-

1) नीलू को स्कूल में उसकी टीचर ने क्या बताया ?

__ नीलू को टीचर ने बताया कि पृथ्वी को बुखार आ रहा है ।

2) नीलू के दादा जी ने शहर आने का क्या कारण बताया ?

__ गाँव की हालत खराब होने के कारण नीलू के दादा जी शहर आ गए थे ।

3) नीलू ने अपनी टीचर से क्या पूछा ?

__ नीलू ने अपनी टीचर से पूछा कि " हम धरती को कैसे ठीक कर सकते हैं ?"

4) पृथ्वी का बुखार कैसे उतर सकता है ?

__ पेड़ - पौधों से पृथ्वी का बुखार उतर सकता है ।

5) टीचर ने पृथ्वी के लिए सबसे अच्छा मरहम क्या बताया ?

__ टीचर ने पृथ्वी के लिए सबसे अच्छा मरहम पेड़ - पौधो को बताया ।

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

क) नीलू की माँ ने उसे क्या समझाया ?

__ नीलू की माँ ने उसे समझाया कि उसके दादा जी गाँव से आए हैं ,अभी उन्हें तंग मत करना और भोजन के बाद उनसे मिलना ।

ख) न्यूज एंकर स्वाति पंचाल ने चीन के बारे में क्या खबर सुनाई ?

__ न्यूज एंकर स्वाति पंचाल ने यह खबर सुनाई कि चीन में असमय बारिश से भारी बाढ़ आ गई है और बीजिंग शहर में पानी घुसने से लोगों के लिए संकट पैदा हो गया है ।

ग) मौसम विभाग की अध्यक्षा डॉ प्रेमलता परमार ने क्या बताया ?

__ डॉ प्रेमलता परमार ने बताया कि मानव - क्रियाकलापों से धरती गरमाने लगी है और यह सब मौसम परिवर्तन के कारण है ।

घ) अल्मोड़ा , देहरादून और ऋषिकेश आदि शहरों के लिए खतरा क्यों उत्पन्न हो गया है ?

__ गंगोत्री का हिमनद पिघलने के कारण अल्मोड़ ,देहरादून और ऋषिकेश जैसे शहरों के लिए खतरा  उत्पन्न हो गया है ।

## **Chapter - 7 " लुई ब्रेल "**

बातों - बातों में :

1) क्या आपने ब्रेल लिपि देखी है ?

__ हाँ,मैने ब्रेल लिपि देखी है ।

2) लुई ब्रेल को नेत्रहीनों का मसीहा कहा जाता है,क्यों ?

__ नेत्रहीनों के लिए ब्रेल लिपि का आविष्कार करने के कारण लुई ब्रेल को नेत्रहीनों का मसीहा कहा जाता है ।

3) लुई ब्रेल के माता - पिता को निराश होकर पेरिस से गाँव क्यों लौटना पड़ा ?

__ लुई ब्रेल के माता - पिता को निराश होकर पेरिस से गाँव लौटना पड़ा क्योंकि नेत्र विशेषज्ञ से मशविरा करने पर पता चला कि तबतक बहुत देर हो चुकी थी और लुई की आँखों की रोशनी चली गई थी ।

4) ब्रेल लिपि को किस प्रकार पढ़ा जाता है ?

__ ब्रेल लिपि को स्पर्श द्वारा पढ़ा जाता है ।

5) लुई के बचपन की उस घटना का वर्णन कीजिए, जिसमें उनकी आँखों की रोशनी चली गई थी ।

__ एक दिन लुई अपने पिता के वर्कशाप में चमड़ा काटने का औज़ार उठाया मगर संभाल न सका और औज़ार सीधा उसकी आँख में लगा ।औज़ार गिरने से उनकी आँखों में गहरा घाव हो गया ,जिसके कारण लुई की आँखों की रोशनी सदा के लिए चली गई  ।

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

क) नेत्रहीनों के लिए एक लिपि तैयार करने की प्रेरणा लुई ब्रेल को कब और कहाँ से मिली ?

__ नेत्रहीनों के लिए एक लिपि तैयार करने की प्रेरणा लुई को 12' वर्ष की उम्र में चार्ल्स बारबियर नामक फ्रांसीसी सज्जन से मिली थी ।

ख) लुई ब्रेल के जीवन का मिशन क्या था ?

__ नेत्रहीनों के लिए एक लिपि का आविष्कार करना लुई ब्रेल के जीवन का मिशन था ।

ग) ब्रेल लिपि का प्रकाशन और संशोधन कब तथा किसने किया ?

__ ब्रेल लिपि का प्रकाशन लुई ब्रेल ने 1829 में किया और उसके आठ साल बाद उसका संशोधन भी स्वयं लुई ने ही किया ।

घ) ब्रेल लिपि का आविष्कार नेत्रहीनों के लिए एक वरदान क्यों है ?

__ पूरे विश्व के नेत्रहीनों को पढ़ने के लिए ब्रेल लिपि एक मात्र लिपि के रूप में प्रचलित है,इसलिए यह नेत्रहीनों के लिए एक वरदान है ।

**Chapter - " जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव "**

बातों - बातों में :-

1) मनुष्य का जीना कैसे मुश्किल हो रहा है ?

__ परमाणु हथियार, जानलेवा गैसें ,रासायनिक खादें ,बिषैले तत्वों की भरमार और इन सबके कारण फैलने वाली घातक बीमारियाँ से मनुष्य का जीना मुश्किल हो रहा था ।

2)पृथ्वी पर ग्रीनहाउस का क्या प्रभाव पड़ रहा है ?

__ ग्रीनहाउस के प्रभाव से पृथ्वी के जल,थल और वायु के औसत तापमान में बृद्धि हो रही है ।

3)विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्वास्थ्य रिपोर्ट में क्या अनुमान लगाया गया है ?

__ विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्वास्थ्य रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है कि यदि हम सचेत नहीं हुए तो पूरे विश्व में मध्यम आय वर्ग वाले लोगों में दस्त की वजह से 2. 4 प्रतिशत लोगों और मलेरिया की वजह से 6 प्रतिशत लोगों की अकाल मृत्यु हो सकती है ।

4) जैव - संतुलन खतरे में पड़ने का  क्या कारण है ?

__ बादल फटने तथा बाड़ के प्रकोप से पशु - पक्षियाँ की कई प्रजातियाँ खतरे में आ गई हैं । कई प्रजातियाँ विलुप्त हो गई है । इस कारण विश्वभर में जैव-संतुलन खतरे में पड़ गया है ।

5) वातावरण में कार्बन-डाईऑक्साइड़ का स्तर बढ़ने से क्या परेशानी हो सकती है ? इसे कम करने के लिए आप क्या करेंगे ?

__ वातावरण में कार्बन-डाईऑक्साफ़ेइड का स्तर बढ़ने से धरती का तापमान बढ़ता जाएगा और इसे कम करने के लिए  हमें अधिक पेड़-पौधे लगाना चाहिए ।

दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

क)ग्लोबल वार्मिंग से आप क्या समझते हैं ?

__ पृथ्वी के जल, थल, वायु के औसत तापमान में होने वाली वृद्घि ग्लोबल वार्मिंग चहलाता है ।

ख)वाष्पीकरण का प्रकृति पर क्या प्रभाव पड़ा है ?

__ वाष्पीकरण का प्रकृति पर बाढ़ और सूखे की समस्या बढ़ रही है ।

ग)अत्यधिक बारिश से क्या हो रहा है ?

__ अत्यधिक बारिश के कारण बाढ़ की समस्या बढ़ रही है जिससे लोंगों के जीवन पर भी संकट मंडरा रहा है ।

घ)ग्लेशियर पिघलने के क्या कारण है ?भविष्य में इसके क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं ?

__ तापमान बढ़ने के कारण ग्लेशियर पिघल रही है । जिसके कारण भविष्य में अनेक शहर, देश और महादेश समुद्र में समा जाएगी ।

ङ)पेड़ - पौधों के खत्म होने से क्या हो सकता है ?

__ पेड़- पौधो के खत्म होने से पूरे विश्व में खाने की कमी हो जाएगी और इसकी आशंका है कि यह कई देशों के बीच युद्ध का कारण बन सकता है ।